XXIV-2

प्रश्न-पुस्तिका

**Question Booklet**

**SET**

**C**

द्वितीय

**SECOND**

अनुक्रमांक

**Roll No.**

प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक

**Booklet Sl. No.**

210899

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

**Candidate's Signature**

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर

**Invigilator's Signature**

समय : 2 घण्टे 30 मिनट

**Time : 2 hours 30 mins.**

पूर्णांक : 150

**Max. Marks : 150**

**नोट : अभ्यर्थी प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ तथा अंतिम पृष्ठ पर मुद्रित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।**

**Note : Before answering the questions, the candidate should read carefully the Important Instructions printed on the first page and on the last page of this Question Booklet.**

## महत्वपूर्ण निर्देश

## Important Instructions

1. सील खोलने के तुरन्त बाद प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर सुनिश्चित कर लें कि पुस्तिका में कोई त्रुटि तो नहीं है और पेज पूरे हैं। कोई त्रुटि पाये जाने पर इसकी जानकारी तुरन्त अपने कक्ष निरीक्षक को दें। आवश्यकतानुसार पुस्तिका बदल दी जायेगी।
2. अभ्यर्थी को कुल **150** प्रश्न हल करने हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।
3. प्रश्न-पत्र का हल दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर देना है।
4. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक भरने से पूर्व **ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।**
5. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प दिये गये हैं। **सही एवं सर्वाधिक उचित विकल्प** छाँटकर ओ०एम०आर०उत्तर पत्रक में सही विकल्प वाले गोले को **नीली/काली** स्याही के बॉल प्वाइंट पेन से इस प्रकार काला करें कि स्याही गोले के बाहर न फैलने पाये।

1. Immediately after opening the seals, check to ensure that there is no defect in the Question Booklet and all the pages are intact. If any defect is detected, immediately inform the Room Invigilator. If necessary, the Question Booklet will be replaced.
2. The candidate has to answer **150** questions in all. Each question carries **1** mark.
3. Answer the questions in OMR answer sheet only.
4. **Read the instructions given in OMR answer sheet carefully** before filling the OMR answer sheet.
5. There are four alternative choices against each question. Select the **correct and most appropriate choice** and mark it with **blue/black** ball point pen in the right bubble of the OMR answer sheet in such a way that ink does not spread out of the bubble.

# रफ कार्य
# ROUGH WORK

# बाल विकास एवं शिक्षण विज्ञान
# Child Development and Pedagogy

1. समावेशी शिक्षा में :
   (A) सामान्य कक्षा-शिक्षक होते हैं।
   (B) विशिष्ट प्रशिक्षक होते हैं।
   (C) नियमित संसाधित शिक्षक होते हैं।
   (D) सामान्य कक्षा-शिक्षक तथा विशिष्ट प्रशिक्षक दोनों होते हैं।

2. अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों की त्रुटि या गलती का पता लगाने के लिए कौन-सा परीक्षण सबसे उपयुक्त है ?
   (A) निदानात्मक परीक्षण
   (B) उपलब्धि परीक्षण
   (C) मानकीकृत परीक्षण
   (D) अध्यापक निर्मित परीक्षण

3. एक बालक की वास्तविक आयु 8 वर्ष है तथा मानसिक आयु 10 वर्ष है, तो बालक की बुद्धि-लब्धि क्या होगी ?
   (A) 80 (B) 125
   (C) 100 (D) 120

4. अध्यापक की किस गुणवत्ता के फलस्वरूप अधिगम में वृद्धि होगी ?
   (A) सम्प्रेषण योग्यता
   (B) अभिप्रेरण योग्यता
   (C) मार्गदर्शन की योग्यता
   (D) शारीरिक व्यक्तित्व

5. व्यक्तित्व मापन की वस्तुनिष्ठ विधि है :
   (A) अवलोकन (B) साक्षात्कार
   (C) निर्धारण मापनी (D) केस स्टडी

1. In Inclusive education :
   (A) There are normal classroom teachers.
   (B) There are special instructors.
   (C) There are regular processed teachers.
   (D) There are both normal classroom teachers and special instructors.

2. Which test is most appropriate for teachers to identify the errors or mistakes of the students ?
   (A) Diagnostic test
   (B) Achievement test
   (C) Standardized test
   (D) Teacher made test

3. The chronological age of a child is 8 years and mental age is 10 years, then what will be the intelligence quotient of the child ?
   (A) 80 (B) 125
   (C) 100 (D) 120

4. Which one of the following quality of teacher will enhance learning ?
   (A) Communicating ability
   (B) Motivation ability
   (C) Guiding ability
   (D) Physical personality

5. The objective method of Personality measurement is :
   (A) Observation (B) Interview
   (C) Rating scale (D) Case-study

6. एक समावेशी कक्षा-कक्ष को सही आकार देने के लिए एक शिक्षक को क्या *नहीं* करना चाहिए ?
   (A) शिक्षक को अपने विषय में पारंगत होना चाहिए।
   (B) छात्रों की व्यक्तिकता का सम्मान करना चाहिए।
   (C) शिक्षक को छात्रों के प्रति सख्त तथा रूढ़िवादी दृष्टिकोण रखना चाहिए।
   (D) शिक्षक को सहगामी क्रियाओं में रुचि लेनी चाहिए।

7. कोह्लबर्ग ने नैतिक विकास के निम्नलिखित स्तर बताए हैं :
   (A) 3 (B) 4
   (C) 6 (D) 5

8. एक अध्यापक का अपने विद्यार्थियों को सिखाने का सर्वोत्तम तरीका हो सकता है :
   (A) एक अच्छा व्याख्यान देकर
   (B) मॉडल दिखाकर
   (C) शिक्षण में ओवर हेड प्रोजेक्टर का प्रयोग करके
   (D) शैक्षिक भ्रमण के द्वारा

9. *सही* मिलान कीजिए :

| | अक्षमता | | विकार |
|---|---|---|---|
| (a) | पढ़ने की अक्षमता | (i) | डिस्प्रैक्सिया |
| (b) | मौखिक रूप से सीखने की अक्षमता | (ii) | डिस्कैल्कुलिया |
| (c) | लिखने की अक्षमता | (iii) | डिस्लेक्सिया |
| (d) | गणित संबंधी अधिगम अक्षमता | (iv) | डिस्फेसिया |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

6. What a teacher should ***not*** do to shape an inclusive classroom ?
   (A) Teacher must be proficient in his subject.
   (B) Student's individuality should be respected.
   (C) Teacher should have a strict and conservative approach towards students.
   (D) Teacher should be interested in co-curricular activity.

7. Kohlberg has given the following levels of moral development :
   (A) 3 (B) 4
   (C) 6 (D) 5

8. The best way for a teacher to make his/her students learn :
   (A) By giving a good lecture
   (B) By showing the model
   (C) By using over head projector in teaching
   (D) By educational excursion

9. Match ***correctly*** :

| | Disability | | Disorder |
|---|---|---|---|
| (a) | Learning disability | (i) | Dyspraxia |
| (b) | Verbal learning disability | (ii) | Dyscalculia |
| (c) | Writing disability | (iii) | Dyslexia |
| (d) | Mathematical learning disability | (iv) | Dysphasia |

***Codes :***

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

10. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन में, व्यापक मूल्यांकन शब्दावली का तात्पर्य है :

(A) सभी विषयों का मूल्यांकन

(B) शैक्षिक क्षेत्र का मूल्यांकन

(C) शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक क्षेत्र का मूल्यांकन

(D) सह-शैक्षिक क्षेत्र का मूल्यांकन

11. 7 से 12 वर्ष आयु की अवस्था कहलाती है :

(A) शैशवावस्था (B) उत्तर-बाल्यावस्था

(C) किशोरावस्था (D) पूर्व-बाल्यावस्था

12. तत्परता के नियम का संबंध है :

(A) क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन सिद्धान्त से

(B) शास्त्रीय अनुबन्धन सिद्धान्त से

(C) संकेत-अधिगम सिद्धान्त से

(D) प्रयत्न एवं त्रुटि सिद्धान्त से

13. सुझाव ग्रहणशीलता किस अवस्था में सर्वाधिक पायी जाती है ?

(A) किशोरावस्था

(B) उत्तर-बाल्यावस्था

(C) पूर्व-बाल्यावस्था

(D) शैशवावस्था

14. सृजनात्मकता एक ......... है।

(A) जन्मजात योग्यता

(B) मानसिक योग्यता

(C) परम्परागत योग्यता

(D) प्रश्न को हल करने की क्षमता

10. The term comprehensive evaluation in continuous and comprehensive evaluation means :

(A) Evaluation of all subjects

(B) Evaluation of educational area

(C) Evaluation of educational and co-educational area

(D) Evaluation of co-educational area

11. The stage from 7 to 12 years is called :

(A) Infancy (B) Late-childhood

(C) Adolescence (D) Early-childhood

12. Law of Readiness is related to :

(A) Operant Conditioning theory

(B) Classical Conditioning theory

(C) Sign-Learning theory

(D) Trial-Error theory

13. In which state, suggestibility found the highest ?

(A) Adolescence

(B) Late-childhood

(C) Early-childhood

(D) Infancy

14. Creativity is a/an ............ .

(A) Innate ability

(B) Mental ability

(C) Traditional ability

(D) Ability to solve question

15. बालक की जिज्ञासा कहलाती है :

(A) अभिवृत्ति

(B) रक्षा युक्ति

(C) भाव

(D) आत्म सम्प्रत्यय

16. एक बालक का अपनी उंगलियों व अंगूठे का प्रयोग करते हुए पेंसिल पकड़ना विकास के किस सिद्धान्त को इंगित करता है ?

(A) सामान्य से विशिष्ट की ओर

(B) विशिष्ट से सामान्य की ओर

(C) निरन्तरता के सिद्धान्त की ओर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. उदाहरणों एवं तथ्यों के माध्यम से निष्कर्ष तक पहुँचना किस शिक्षण विधि के अन्तर्गत आता है ?

(A) निगमन विधि

(B) विश्लेषण विधि

(C) आगमन विधि

(D) व्याख्यान विधि

18. पियाजे के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था में बालक विभिन्न वस्तुओं को उनकी कुछ विशेषताओं के आधार पर क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित करना शुरू करता है ?

(A) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था

(B) संवेगात्मक-गामक अवस्था

(C) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(D) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था

15. A child's curiosity is called :

(A) Attitude

(B) Defence Mechanism

(C) Feeling

(D) Self Concept

16. A child holding the Pencil by using his fingers and thumb shows which principle of development ?

(A) General to Specific

(B) Specific to General

(C) Principle of Continuity

(D) None of the above

17. Reaching conclusions through examples and facts comes under which teaching method ?

(A) Deductive Method

(B) Analytic Method

(C) Inductive Method

(D) Lecture Method

18. According to Piaget, at which stage of cognitive development does a child start arranging different objects in a sequential manner in view of some of their characteristics ?

(A) Concrete-operational stage

(B) Sensory-motor stage

(C) Pre-operational stage

(D) Formal-operational stage

19. कक्षा में "प्रतिपुष्टि" की क्या सार्थकता है ?

(A) यह प्रशासनिक अपेक्षा का अंश है।

(B) बालकों के अधिगम स्तर के बारे में अभिभावकों को सूचित करना।

(C) आत्म निरीक्षण और अग्रेत्तर सुधार की गुंजाइश।

(D) विद्यालय के अनुदान को स्वीकृत करना।

20. यदि कक्षा में एक मानसिक मन्दित बालक पाया जाए तो ऐसे में अध्यापक को क्या करना चाहिए ?

(A) ऐसे बालक का उत्तर न देने पर अपमान करना चाहिए।

(B) शिक्षण की गति धीमी रखनी चाहिए और पढ़ाये हुए पाठ को बार-बार दोहराना चाहिए।

(C) एक सामान्य गति से शिक्षण कार्य करते रहना चाहिए।

(D) मन्द बुद्धि बालक को नजरअंदाज करते हुए शिक्षक को पाठ पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए।

21. क्रियात्मक विकास का मस्तकाधोमुखी क्रम है :

(A) सिर → धड़ → हाथ → पैर

(B) सिर → हाथ → पैर → धड़

(C) सिर → गर्दन → मुख → हाथ

(D) मुख → गर्दन → धड़ → सिर

22. शिक्षण के किस चरण में शिक्षक द्वारा पाठ योजना की तैयारी की जाती है ?

(A) शिक्षण का पूर्व-क्रिया चरण

(B) शिक्षण का अन्तः-क्रिया चरण

(C) शिक्षण का उत्तर-क्रिया चरण

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. What is the significance of "feedback" in classroom ?

(A) It is part of administrative requirement.

(B) Inform parents about learning levels of children.

(C) Scope for introspection and further improvement.

(D) To approve school grants.

20. If a mentally retarded child is found in the class, what should a teacher do in such situation ?

(A) Such a child should be insulted for not answering.

(B) Teaching pace should be kept slow and the lesson taught should be repeated again and again.

(C) Teaching should be carried out at normal pace.

(D) Ignoring the retarded child, teacher should concentrate on completing the lesson.

21. Cephalocaudal sequence of motor development is :

(A) Head → Trunk → Hand → Leg

(B) Head → Hand → Leg → Trunk

(C) Head → Neck → Mouth → Hand

(D) Mouth → Neck → Trunk → Head

22. In which stage of teaching the Lesson Plan is prepared by the teacher ?

(A) Pre-active phase of teaching

(B) Inter-active phase of teaching

(C) Post-active phase of teaching

(D) None of the above

23. विशिष्ट बालकों की श्रेणी में आते हैं :

(A) प्रतिभाशाली बालक

(B) संवेगात्मक रूप से विक्षिप्त बालक

(C) मानसिक मन्दित बालक

(D) उपरोक्त सभी

24. सम्बद्ध प्रतिक्रिया का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया :

(A) थॉर्नडाइक द्वारा

(B) पावलोव द्वारा

(C) स्किनर द्वारा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. बालकों की रुचि ज्ञात करने की विधि है :

(A) बालकों की क्रियाओं के निरीक्षण द्वारा

(B) बालकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के आधार पर

(C) मानकीकृत रुचि परीक्षणों द्वारा

(D) उपरोक्त सभी

26. "बच्चे जैसे-जैसे अपने संसार को कुशलता से खोजते हैं वे अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं।" यह कथन किसका है ?

(A) स्पीयरमैन (B) टरमन

(C) पियाजे (D) बिने

27. शिक्षण प्रक्रिया में निम्नलिखित में से किसका भली प्रकार ध्यान रखना चाहिए ?

(A) विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता

(B) विषय वस्तु का कठिनाई स्तर

(C) अनुशासन और नियमित उपस्थिति

(D) गृहकार्य की जाँच

23. Exceptional children category includes :

(A) Gifted children

(B) Emotionally disturbed children

(C) Mentally retarded children

(D) All of the above

24. Conditioned Response theory is propounded by :

(A) Thorndike

(B) Pavlov

(C) Skinner

(D) None of the above

25. The method of finding out the interest of children is :

(A) By observing the children's activities

(B) On the basis of questions asked by children

(C) By standardized interest tests

(D) All of the above

26. "Children actively construct knowledge as they manipulate and explore their world." Whose statement is this ?

(A) Spearman (B) Terman

(C) Piaget (D) Binet

27. Which of the following should be kept in mind in the teaching process ?

(A) Active participation of students

(B) Difficulty level of the subject matter

(C) Discipline and regular attendance

(D) Checking home-work

28. मैस्लो द्वारा प्रतिपादित अभिप्रेरणा की आवश्यकताओं का ***सही*** क्रम है :

(i) शरीर संबंधी आवश्यकताएँ

(ii) स्नेह एवं सम्बन्ध संबंधी आवश्यकताएँ

(iii) आत्म-सिद्धि संबंधी आवश्यकताएँ

(iv) सम्मान संबंधी आवश्यकताएँ

(v) सुरक्षा संबंधी आवश्यकताएँ

(A) (i) (ii) (v) (iv) (iii)

(B) (i) (iv) (ii) (v) (iii)

(C) (i) (v) (ii) (iv) (iii)

(D) (ii) (v) (i) (iii) (iv)

29. कथन - "लड़कियों के लिए शिक्षा की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो उन्हें केवल सुगृहिणी तथा आदर्श माता बनने में सहायक हो", यह :

(A) अनुसंधान आधारित धारणा है।

(B) सत्य धारणा है।

(C) लैंगिक पूर्वाग्रह पर आधारित धारणा है।

(D) उपरोक्त सभी

30. शिक्षक के लिए वंशानुक्रम एवं वातावरण का ज्ञान आवश्यक है, क्योंकि :

(A) यह बालकों की व्यक्तिगत भिन्नता को जानने में सहायक है।

(B) यह बालकों की योग्यता की पहचान करने में सहायक है।

(C) यह बालकों की रुचि एवं रुझान को समझने में सहायक है।

(D) उपरोक्त सभी

28. The ***correct*** sequence of motivational needs propounded by Maslow is :

(i) Physiological needs

(ii) Belongingness and love needs

(iii) Needs for self-actualization

(iv) Esteem needs

(v) Safety needs

(A) (i) (ii) (v) (iv) (iii)

(B) (i) (iv) (ii) (v) (iii)

(C) (i) (v) (ii) (iv) (iii)

(D) (ii) (v) (i) (iii) (iv)

29. A statement – "The system of education for girls should be such that it helps them to become only a good homemaker and an ideal mother", it is :

(A) A research based judgement.

(B) True judgement.

(C) A gender biased judgement.

(D) All of the above

30. Knowledge of heredity and environment is essential for a teacher, because :

(A) It is helpful in understanding the individual differences of children.

(B) It is helpful in identifying the ability of children.

(C) It is helpful in understanding the interest and inclination of children.

(D) All of the above

# भाषा प्रथम – हिन्दी

31. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अपादान कारक का प्रयोग *नहीं* हुआ है ?
(A) पेड़ से फल गिरा।
(B) वह तुमसे अधिक योग्य है।
(C) राम स्वभाव से सरल है।
(D) लड़का शेर से डरता है।

32. जिसके हाथ में चक्र है, उसे कहते हैं :
(A) चक्रधर (B) चक्रपाणि
(C) चक्रवृद्धि (D) चक्रवात

33. निम्नलिखित में से कौन-सा वार्णिक छन्द है ?
(A) मालिनी (B) रोला
(C) उल्लाला (D) हरिगीतिका

34. 'वाङ्मय' शब्द का संधि-विच्छेद है :
(A) वांग् + मय
(B) वाङ् + मय
(C) वाञ् + मय
(D) वाक् + मय

35. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन अन्तस्थ है ?
(A) घ (B) स
(C) म (D) ल

36. 'साँचे में ढला होना' मुहावरे का अर्थ है :
(A) किसी की इच्छा के अनुरूप आचरण करना।
(B) विस्तृत ज्ञान प्राप्त करना।
(C) रूपवान होना।
(D) अनेक कार्यों में दक्ष होना।

37. 'पावक' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?
(A) गुण सन्धि
(B) वृद्धि सन्धि
(C) यण् सन्धि
(D) अयादि सन्धि

38. व्याकरण-शिक्षण में प्रयुक्त भाषा संसर्ग विधि में किस तथ्य पर बल दिया जाता है ?
(A) स्वतंत्र रूप से व्याकरण की शिक्षा देने पर।
(B) व्याकरण शिक्षण के क्रम में उसके नियमों से परिचित कराने पर।
(C) भाषा का अध्ययन करते हुए व्याकरण के सूत्रों को कण्ठस्थ कराने पर।
(D) भाषा पर अधिकार प्राप्त लेखकों की रचनाएँ पढ़ने पर।

39. 'उसे देश-सेवा करनी चाहिए।' वाक्य में 'देश-सेवा' है :
(A) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक
(B) भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ताकारक
(C) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक
(D) समूहवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

40. 'वसंत' शब्द का पर्याय *नहीं* है :
(A) ऋतुराज (B) मधुमास
(C) रत्नाकर (D) कुसुमाकर

41. 'प्रिय प्रवास' महाकाव्य में कुल कितने सर्ग हैं ?
(A) बारह (B) पंद्रह
(C) सत्रह (D) अट्ठारह

42. भाषा-शिक्षण में साहचर्य विधि का उपयोग किस प्रणाली में किया जाता है ?
(A) मांटेसरी प्रणाली
(B) डाल्टन प्रणाली
(C) किंडरगार्टन प्रणाली
(D) ह्यूरिस्टिक प्रणाली

43. इनमें से कौन 'पुरस्कार' कहानी के रचयिता हैं ?
(A) प्रेमचंद
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) अज्ञेय
(D) सुदर्शन

44. अक्षर विन्यास की अशुद्धियों का कारण है :
(A) उच्चारण दोष
(B) लिपि का अधूरा ज्ञान
(C) अभ्यास का अभाव
(D) उपरोक्त सभी

45. कविता शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है :
(A) भाषा संबंधी ज्ञान को विकसित करना।
(B) सौन्दर्यानुभूति तथा कल्पना शक्ति में वृद्धि करना।
(C) अभिनय क्षमता विकसित करना।
(D) विशिष्ट पदबंधों और वाक्य संरचनाओं का ज्ञान प्राप्त करना।

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50** तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

जिन वस्तुओं और व्यापारों के प्रति हमारे प्राचीन पूर्वज अपने भाव अंकित कर गए हैं उनके सामने अपने को पाकर मानों हम उन पूर्व पुरुषों के निकट जा पहुँचते हैं, और उसी प्रकार के भावों का अनुभव कर उनके हृदय से अपना हृदय मिलाते हुए उनके सगे बन जाते हैं। वर्तमान सभ्यता ने जहाँ अपना दखल नहीं जमाया है उन जंगलों, पहाड़ों, गाँवों और मैदानों में हम अपने को वाल्मीकि, कालिदास या भवभूति के समय में खड़ा कल्पित कर सकते हैं, कोई बाधक दृश्य सामने नहीं आता। पर्वतों की दरी-कन्दराओं में, प्रभात के प्रफुल्ल पद्मजाल में, छिटकी चाँदनी में, खिली कुमुदिनी में हमारी आँखें कालिदास, भवभूति आदि की आँखों से जा मिलती हैं। बिजली से जगमगाते हुए नए अँगरेजी ढंग के शहरों में, धुआँ उगलती हुई मिलों और ह्वाइट वे लेडला की दुकान के सामने, हम कालिदास आदि से अपने को बहुत दूर पाते हैं पर प्रकृति के विस्तृत क्षेत्र में हमारा उनका भेद-भाव मिट जाता है, हम सामान्य परिस्थिति के साक्षात्कार द्वारा चिरकाल-व्यापी शुद्ध 'मनुष्यत्व' का अनुभव करते हैं, किसी विशेष-काल-बद्ध मनुष्यत्व का नहीं। यहाँ पर कहा जा सकता है कि विशेष-काल-बद्ध मनुष्यत्व न सही, पर देश-बद्ध मनुष्यत्व तो यह अवश्य है। इसी देश-बद्ध मनुष्यत्व के अनुभव से सच्ची देशभक्ति या देश-प्रेम की स्थापना होती है। जो हृदय संसार की जातियों के बीच अपनी जाति की स्वतंत्र सत्ता का अनुभव नहीं कर सकता वह देश-प्रेम का दावा नहीं कर सकता। इस स्वतंत्र सत्ता से अभिप्राय स्वरूप की स्वतंत्र सत्ता है; केवल अन्न-धन संचित करने और अधिकार भोगने की स्वतंत्रता से नहीं। देश-प्रेम है क्या ?

प्रेम ही तो है। इस प्रेम का आलम्बन क्या है। सारा देश अर्थात् मनुष्य, पशु-पक्षी, नदी, नाले, वन, पर्वत सहित सारी भूमि। प्रेम किस प्रकार का है। यह साहचर्यगत प्रेम है। जिनके बीच हम रहते हैं, जिन्हें बराबर आँखों से देखते हैं, जिनकी बातें बराबर सुनते रहते हैं, जिनका हमारा हर घड़ी का साथ रहता है, सारांश यह है कि जिनके सान्निध्य का हमें अभ्यास पड़ जाता है, उनके प्रति लोभ या राग हो जाता है।

**46.** वर्तमान सभ्यता का दोष है :

(A) प्रकृति के विकास को अवरुद्ध करना।

(B) मनुष्य को उसके मूल भावों से दूर करना।

(C) देश-प्रेम की भावना को कम करना।

(D) मनुष्यत्व का हनन करना।

**47.** 'चिरकाल-व्यापी शुद्ध मनुष्यत्व' से तात्पर्य है :

(A) समस्त भेद-भावों को मिटा देने वाली आदिम मनोभावना।

(B) किसी काल विशेष में मानव मन में व्याप्त मनुष्यता।

(C) देश-प्रेम की उदात्त भावना।

(D) मनुष्य की स्वतंत्र सत्ता का अनुभव।

**48.** कौन व्यक्ति देश-प्रेम का दावा कर सकता है ?

(A) जिसकी मनुष्यता काल विशेष से बँधी हुई हो।

(B) जो अधिकार भोगने की भावना से भरा हुआ हो।

(C) जो देश से बँधी हुई मनुष्यता का अनुभव करता हो।

(D) जो अपनी जाति की स्वतंत्र सत्ता का अनुभव नहीं करता हो।

**49.** साहचर्यगत प्रेम है :

(A) देश-प्रेम का एक रूप।

(B) संग-साथ से विकसित हुआ प्रेम।

(C) सान्निध्य के अभ्यास से पैदा हुआ राग।

(D) उपर्युक्त सभी

**50.** लेखक के अनुसार किसी देश की स्वतंत्र सत्ता से क्या अभिप्राय है ?

(A) चरम भौतिक उपलब्धियाँ प्राप्त करना।

(B) अपनी जाति के मूल स्वरूप को अनुभव करना।

(C) स्वतंत्र भाव से अधिकार सुख का भोग करना।

(D) विदेशी सत्ता को निर्मूल कर देना।

निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या **51** से **55** तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

मनु ! तुम श्रद्धा को गये भूल
उस पूर्ण आत्मविश्वासमयी को उड़ा दिया था समझ तूल
तुमने तो समझा असत विश्व जीवन-धागे में रहा झूल
जो क्षण बीते सुख-साधन में उनको ही वास्तव लिया मान
वासना-तृप्ति ही स्वर्ग बनी, यह उलटी मति का व्यर्थ ज्ञान
तुम भूल गये पुरुषत्व मोह में कुछ सत्ता है नारी की
समरसता है संबंध बनी अधिकार और अधिकारी की।

**51.** 'तूल' शब्द का अर्थ है :

(A) विवाद

(B) रूई

(C) बढ़ाना

(D) धूल

52. मनु पुरुष होने के अहंकार में क्या भूल गये ?

(A) ईश्वर के अस्तित्व को

(B) संसार के सत्य को

(C) मनुष्य की महत्ता को

(D) स्त्री के अस्तित्व को

53. कवि ने श्रद्धा के किस गुण का उल्लेख किया है ?

(A) विनम्रता से झुकी हुई

(B) आध्यात्मिक चेतना संपन्न

(C) आत्मविश्वास से भरी हुई

(D) श्रद्धा संपन्न

54. उपर्युक्त काव्य पंक्तियाँ किस महाकाव्य से ली गई हैं ?

(A) कामायनी (B) प्रिय प्रवास

(C) साकेत (D) आँसू

55. निम्नलिखित में से कौन-सा दुर्गुण मनु में विद्यमान *नहीं* था ?

(A) सांसारिक सुख को ही सर्वस्व मानना

(B) स्त्री को हेय समझना

(C) वासना तृप्ति को ही स्वर्ग मानना

(D) अति-आत्मविश्वास से भरा होना

56. निम्न में से कौन-सा वाक्य मिश्र वाक्य है ?

(A) महात्मा विनोबा यश से भागते हैं, पर कीर्ति उनके पीछे आती है।

(B) इंसान, स्वामी और सेवक का अंतर जानता है।

(C) जिसने दुख नहीं देखा, उसने दुनिया में कुछ नहीं देखा।

(D) घर का दरवाजा खुला और राम निकल गया।

57. 'जो पढ़ेगा वह विद्वान होगा' वाक्य में 'वह' कौन-सा सर्वनाम है ?

(A) निज-वाचक सर्वनाम

(B) सम्बन्ध-वाचक सर्वनाम

(C) निश्चय-वाचक सर्वनाम

(D) अनिश्चय-वाचक सर्वनाम

58. भाषा और बोली के अंतर के संबंध में कौन-सा कथन *असत्य* है ?

(A) भाषा का क्षेत्र विस्तृत और बोली का क्षेत्र सीमित होता है।

(B) भाषा अधिक व्याकरण सम्मत होती है जबकि बोली में व्याकरणिक भेद अधिक होते हैं।

(C) भाषा मानक होती है, बोलियों में मानकता कम होती है।

(D) भाषा की अपेक्षा बोली का शब्द भण्डार अधिक व्यापक होता है।

59. मौखिक भाषा की प्रारम्भिक शिक्षा में कौन-सा तत्व उपयोगी *नहीं* है ?

(A) सम्पर्क (B) अनुकरण

(C) अक्षर ज्ञान (D) अभ्यास

60. जब किसी शब्द का कोई एक खण्ड विशेषण या उपमा सूचक शब्द हो, तो वहाँ कौन-सा समास होता है ?

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) द्वंद्व समास

(D) अव्ययीभाव समास

## First Language – English

**31.** In which of the following question tag is ***incorrectly*** put ?

(A) They came here yesterday, haven't they ?

(B) Your brother plays guitar. Doesn't he ?

(C) You live nearby. Don't you ?

(D) You don't speak Tamil. Do you ?

**32.** When language is learnt naturally and without any systematic practice, then it is called as :

(A) First language (B) Dearth

(C) Acquisition (D) Erudition

**33.** The multilingual nature of the Indian classroom must be used as a resource so that :

(A) Every child feels secure, comfortable and accepted

(B) Every child learns at the same pace

(C) Children may learn many languages

(D) The teacher develops language proficiency

**34.** Change the given Active Sentence into Passive :

The enemy has defeated our army.

(A) Our army has been defeated.

(B) The army have been defeated.

(C) Our army have been defeated.

(D) Our army was defeated.

**35.** These mangoes are <u>almost</u> ripe. Identify the part of speech of the underlined word :

(A) Noun

(B) Adjective

(C) Verb

(D) Adverb

**36.** Turn the following into indirect speech :

'So help me heaven !' he cried, 'I will never steal again'.

(A) He applauded heaven to witness his resolve never to steal again.

(B) He was angry at heaven to witness his resolve never to steal again.

(C) He called upon heaven to witness his resolve never to steal again.

(D) He commanded heaven to witness his resolve never to steal again.

**37.** Fill in the blanks with suitable form of verb :

Let's wait till he ................ his home.

(A) reach (B) reaches

(C) will reach (D) is reaching

**38.** Choose the most suitable word for the given phrase :

Study of language is called.

(A) Theology

(B) Philology

(C) Acoustics

(D) Ecology

**39.** Fill in the blank with appropriate preposition :

He was born .............. humble parents in Nasik.

(A) to (B) in

(C) into (D) from

**40.** Identify the figure of speech used in the given sentence :

There was a deafening silence in the hall.

(A) Oxymoron

(B) Antithesis

(C) Metaphor

(D) Hyperbole

**41.** Choose the most appropriate option for the following :

........... greatest of journey begins with ............ small step.

(A) the, a

(B) the, the

(C) a, a

(D) a, the

**42.** From the following options, pick out the one which is ***not*** an idiom :

(A) hold a candle

(B) hold your finger

(C) hold your horses

(D) hold your tongue

**43.** The classical method of language learning and teaching is called :

(A) Grammar translation method

(B) Audio-lingual method

(C) Direct method

(D) Communicative Language Teaching

**44.** Select the most suitable word from the given options that convey the meaning of the underlined word :

She is a <u>vivacious</u> girl.

(A) Sincere

(B) Loyal

(C) Beautiful

(D) Lively

**45.** Two vowel sounds that are pronounced together to make one sound is called :

(A) Intonation

(B) Bilabial

(C) Diphthong

(D) Penultimate syllable

**Direction** (Q. No. **46** to **50**) : Read the poem given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

Weavers, weaving at break of day,
Why do you weave a garment so gay ?
Blue as the wing of a bluebird wild,
We weave the robes of a new-born child.
Weavers, weaving at fall of night,
Why do you weave a garment so bright ?
Like the plumes of the peacock, purple and green,

We weave the marriage veils of a queen.
Weavers weaving solemn and still,
What do you weave in the moonlight chill ?
White as a feather and white as a cloud,
We weave a dead man's funeral shroud.

**46.** What do the weavers weave in the chilly moonlight ?

(A) a garment light as a feather.

(B) a garment meant to cover a dead man.

(C) a garment to keep away the chill.

(D) a garment to wrap a new born child in.

**47.** The three stages of life mentioned in the poem are :

(A) infancy, childhood, senility

(B) infancy, youth, death

(C) infancy, adolescence, middle age

(D) childhood, adulthood, senility

**48.** What do the weavers weave in the early morning ?

(A) a bright blue cloth

(B) a dull grey cloth

(C) a soft white cloth

(D) a red coloured veil

**49.** The ............... is purple and green coloured.

(A) dress of the weavers

(B) dress of a new-born child

(C) queen's marriage veils

(D) robe of a king

**50.** Whom does the poet address in the poem ?

(A) weavers

(B) children

(C) queens

(D) all of the above

**Direction** : (Q. No. **51** to **55**) : Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

Many people believe that science and religion are contrary to each other. But this notion is wrong. As a matter of fact, both are correlated to each other. There is no doubt that the method of science and religion are different. The method of science is observation, experimentation and experience. Science takes its recourse to progressive march towards perfection. The rules of religion are faith, intuition and spoken word of the enlightened. In general, while science is inclined towards reason and rationality, spiritualism is the essence of religion.

**51.** Find the synonym of the word 'belief' in the given passage :

(A) observation (B) experience

(C) faith (D) enlightened

**52.** A notion is a/an :

(A) idea (B) observation

(C) experience (D) faith

53. According to the passage, science and religion are :
(A) contrary to each other
(B) contradictory to each other
(C) complementary to each other
(D) correlated to each other

54. Which of the following ***cannot*** be deduced from the passage ?
(A) Science is based on experimentation and reason.
(B) Science and religion aren't contrary to each other.
(C) Science has an edge over religion.
(D) Though correlated, the methods of science and religion are undoubtedly different.

55. Which is the nearest meaning of 'intuition' ?
(A) liking (B) instinct
(C) hope (D) gratitude

56. Which of the following is spelt ***correctly*** ?
(A) Philantrophy (B) Onomatopoeia
(C) Panacaea (D) Chronich

57. Choose the most suitable option that describes the meaning of the underlined idiom or phrase :
I am told he has <u>got into hot water</u>.
(A) out of favour from someone
(B) out of danger
(C) into action
(D) into trouble

58. Which of the following first formulated the 'Three Language Formula' ?
(A) National Policy on Education 1968
(B) National Policy on Education 1986
(C) Chattopadhyaya Commission 1966
(D) Kothari Commission 1985

59. Arrange the following to make a meaningful sentence :
as you listen/ to note down/ points/ it is important
(A) To note down it is important as you listen points.
(B) As you listen points it is important to note down.
(C) It is important to note down points as you listen.
(D) It is important as you listen to note down points.

60. 'Brainstorming' technique is useful for :
(A) overcoming the problems of spelling
(B) helping students in forming new sentences
(C) improving students' spontaneous sensitivity
(D) developing learners' vocabulary

## भाषा द्वितीय - हिन्दी

61. 'रामानुज' शब्द में समास है :
(A) अव्ययीभाव
(B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष
(D) उक्त में से कोई नहीं

62. अन्तःस्थ व्यंजन है :
(A) श, स, ह
(B) क्ष, त्र, ज्ञ
(C) अ, अँ, अः
(D) य, र, ल, व

63. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' किसका कथन है ?
(A) विश्वनाथ (B) राजशेखर
(C) श्रीहर्ष (D) भास

64. योग्य शिक्षक का भाषा पर अधिकार क्यों होना चाहिए ?
(A) भाषा, योग्य शिक्षक बनाती है।
(B) भाषा, विषय का ज्ञान कराती है।
(C) भाषा, विधियों का ज्ञान कराती है।
(D) वह अपने विचार छात्रों के समक्ष आसानी से रख सकता है।

65. हिन्दी वर्णमाला के अन्तिम पंचमाक्षरों का उच्चारण स्थान क्या है ?
(A) अनुनासिक
(B) कण्ठ्य
(C) तालव्य
(D) मूर्धन्य

66. हिन्दी भाषा शिक्षण में मुहावरे तथा लोकोक्तियों का प्रयोग :
(A) छात्रों के लिये भाषा सीख को कठिन बनाते हैं।
(B) भाषिक अभिव्यक्ति को प्रभावी बनाता है।
(C) व्याकरण का प्रमुख हिस्सा है।
(D) भाषा शिक्षण का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

67. 'जम्बुक' शब्द का पर्यायवाची है :
(A) शेर
(B) हाथी
(C) गीदड़
(D) भालू

68. भावाभिव्यक्ति एवं विचार विनिमय हेतु किसी समाज द्वारा स्वीकृत ध्वनि संकेतों के समूह को कहते हैं :
(A) लिखित भाषा
(B) मौखिक भाषा
(C) मौन भाषा
(D) विदेशी भाषा

69. कविता शिक्षण की किस प्रणाली में कविता के गुण-दोषों का विवेचन करके उसके यथार्थ स्वरूप को आँका जाता है ?
(A) समीक्षा प्रणाली
(B) व्यास प्रणाली
(C) अर्थबोध प्रणाली
(D) व्याख्या प्रणाली

70. 'एक मनमोहन तौ बसि के उजारयो मोहिं।
हिय में अनेक मनमोहन बसावो ना।।'

उक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

(A) रूपक

(B) उत्प्रेक्षा

(C) श्लेष

(D) यमक

71. 'रात्रि के प्रथम प्रहर' के समय हेतु ***एक शब्द*** है :

(A) प्रदोष

(B) निशा

(C) निशाचर

(D) विभावरी

72. मातृभाषा शिक्षण के किस उद्देश्य के अन्तर्गत छात्रों को वर्ण, लिपि, शब्दों, शब्द समूहों और वाक्य रचना का ज्ञान कराया जाता है ?

(A) भावात्मक उद्देश्य

(B) कौशलात्मक उद्देश्य

(C) ज्ञानात्मक उद्देश्य

(D) (A) तथा (B) दोनों

73. 'प्रत्युत्पन्नमति' का अर्थ है :

(A) उत्तर न देने की क्षमता

(B) जो फिर से उत्पन्न हुआ हो

(C) जो तत्काल उत्तर दे सके

(D) जिसकी बुद्धि में नई-नई बातें उत्पन्न होती हों

74. कौन-सी भाषा प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का सर्वोत्तम माध्यम है ?

(A) राष्ट्रभाषा

(B) प्रादेशिक भाषा

(C) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा

(D) मातृभाषा

75. संचारी भाव का दूसरा नाम है :

(A) विभाव

(B) व्यभिचारीभाव

(C) अनुभाव

(D) स्थाई भाव

**निर्देश** : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (**76** से **80** तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

अकेला अध्यापक बालक के सम्पूर्ण विकास के लिए सब कुछ नहीं कर सकता। उसको सफलता तब मिलती है, जब समाज उनकी सहायता करे। जिस प्रदेश में कलह मचा रहता हो, जिस समाज में अमीर-गरीब, ऊँच-नीच की विषमता पुकार-पुकार कर द्वन्द्व और प्रतियोगिता को प्रोत्साहन दे रही हो, जिस राष्ट्र की नीति-शोषण पर खड़ी हो, उसके अध्यापक भला क्या करें ?

जिन घरों में दाल-रोटी का ठिकाना न हो, पिता मद्यप और माता स्वैरिणी हो, माँ-बाप में मार-पीट और गाली-गलौज मची रहती हो, उसके बच्चों को पालने में ही मानस-विष दे दिया जाता है। तंग गलियों और गंदे घरों में रहने वाले, जो छोटेपन से ही अश्लीलता और अभद्रता में पले हों, सौन्दर्य को जल्दी समझ नहीं पाते। फिर भी अध्यापक परिस्थितियों को दोष देकर बैठा नहीं रह सकता। उसको तो अपना कर्त्तव्य पालन करना ही है।

76. बच्चों को संस्कारवान बनाने का प्रथम दायित्व किसका है ?

(A) माता-पिता का

(B) समाज का

(C) शासन का

(D) शिक्षक का

77. उपर्युक्त गद्यांश में किसके कर्त्तव्य को प्रमुख माना गया है ?

(A) समाज

(B) राज्य

(C) अध्यापक

(D) बालक

78. 'स्वैरिणी' का क्या अर्थ है ?

(A) मनमानी करने वाली

(B) व्यभिचारिणी

(C) बुरा व्यवहार करने वाली

(D) सीधी और सरल

79. दाल-रोटी में कौन-सा समास है ?

(A) तत्पुरुष

(B) द्विगु

(C) द्वन्द्व

(D) अव्ययीभाव

80. 'मानस-विष' देने का क्या अभिप्राय है ?

(A) जहर पिला देना

(B) मार डालना

(C) बुरा व्यवहार करना

(D) अपराधी बना देना

**निर्देश** : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (**81** से **85** तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

संसार की प्रत्येक वस्तु उसी सीमा तक सुन्दर है जिस सीमा तक वह जीवन की विविधता के साथ सामंजस्य की स्थिति बनाए हुए है और प्रत्येक विरूप वस्तु उसी सीमा तक विरूप है जिस सीमा तक वह जीवन-व्यापी सामंजस्य को छिन्न-भिन्न करती है। अतः यथार्थ का द्रष्टा जीवन की विविधता में व्याप्त सामंजस्य को बिना जाने अपना निर्णय उपस्थित नहीं कर पाता और करे भी तो उसे जीवन की स्वीकृति नहीं मिलती, और जीवन के सजीव स्पर्श के बिना केवल सुन्दर को एकत्र कर देने का वही परिणाम अवश्यंभावी है, जो नरक-स्वर्ग की सृष्टि का हुआ।

संसार में सबसे अधिक दण्डनीय वह व्यक्ति है जिसने यथार्थ के कुत्सित पक्ष को एकत्र कर नरक का आविष्कार कर डाला, क्योंकि इस चित्र ने मनुष्य की सारी बर्बरता को चुन-चुनकर ऐसे ब्यौरेवार प्रदर्शित किया कि जीवन के कोने-कोने में नरक गढ़ा जाने लगा। इसके उपरान्त उसे यथार्थ के अकेले सुख पक्ष को पूँजीभूत कर इस तरह सजाना पड़ा कि मनुष्य उसे खोजने के लिए जीवन को छिन्न-भिन्न करने लगा।

81. सुन्दर वस्तु जीवन की विविधता के साथ क्या करती है ?

(A) विच्छिन्न (B) सामंजस्य

(C) समन्वय (D) व्यवस्थित

82. सौन्दर्य उपयोगी तभी होता है, जब उसे :
(A) जीवन का स्पर्श मिलता है।
(B) भावना का स्पर्श मिलता है।
(C) बुद्धि का स्पर्श मिलता है।
(D) कल्पना का स्पर्श मिलता है।

83. यथार्थ के कुत्सित पक्ष को एकत्र कर नरक का आविष्कार करने वाला व्यक्ति है :
(A) प्रशंसनीय
(B) दण्डनीय
(C) अनुकरणीय
(D) विश्वसनीय

84. 'नरक गढ़ा जाने लगा' का क्या अभिप्राय है ?
(A) जीवन दुःखमय होने लगा।
(B) जीवन प्रकाशमय होने लगा।
(C) जीवन सुखमय होने लगा।
(D) जीवन सरल होने लगा।

85. उपर्युक्त गद्यांश में किस बात के प्रति सतर्क किया गया है ?
(A) कल्पना के अतिरेक के प्रति
(B) यथार्थ के एकांगी अभिव्यक्ति के प्रति
(C) सौन्दर्य के अतिरेक के प्रति
(D) बुद्धि के अतिरेक के प्रति

86. 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का अर्थ है :
(A) बुद्धिमान होना
(B) आकर्षक होना
(C) बेफिक्र होना
(D) दुर्लभ होना

87. चतुर्थी विभक्ति 'के लिए' विभक्तिबोधक चिह्न का कारक नाम है :
(A) सम्प्रदान
(B) अपादान
(C) करण
(D) सम्बन्ध

88. 'लिंग' की दृष्टि से 'दही' शब्द है :
(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंल्लिग
(C) नपुंसक लिंग
(D) उभयलिंग

89. 'गायन' शब्द के सन्धि-विच्छेद के लिए *सही* विकल्प होगा :
(A) दीर्घ
(B) गुण
(C) वृद्धि
(D) अयादि

90. छंद को निम्न में किस अन्य नाम से जाना जाता है ?
(A) सिंगल
(B) जिंगल
(C) पिंगल
(D) डिंगल

## Second Language – English

**Direction :** (Q. No. **61**) : Choose the word with the correct spelling :

**61.** (A) Affedevit

(B) Afidevit

(C) Affidevit

(D) Affidavit

**Direction :** (Q. No. **62** & **63**) : Fill in the blanks by selecting the appropriate option :

**62.** This work ought to have .............. long ago.

(A) done (B) had done

(C) being done (D) been done

**63.** Man cannot live .......... bread alone.

(A) except (B) with

(C) by (D) without

**Direction :** (Q. No. **64**) : In the following sentence choose the synonym to the underlined word :

**64.** They were totally unaware of the <u>impending</u> disaster.

(A) Possible

(B) Terrible

(C) Imminent

(D) Threatening

**65.** A language classroom with special needs ideally :

(A) has extra teachers to help regular teachers

(B) exclusively furnished

(C) located separately

(D) integrates all types of learners

**Direction :** (Q. No. **66**) : Change the following into indirect speech by choosing correct alternative :

**66.** He said, "What a cold day !"

(A) He asked if it was a cold day.

(B) He said that it was a cold day.

(C) He exclaimed with surprise that it was a cold day.

(D) He exclaimed that it was a very cold day.

**67.** The primary objective of using role play is :

(A) to evaluate dialogue writing skill

(B) to promote the reading habit

(C) to improve the communicative competence

(D) to develop acting talent

**Direction** : (Q. No. **68**) : In the following sentence choose the antonym to the underlined word :

**68.** The story sounds phoney to me.

(A) True (B) Interesting

(C) Funny (D) Impressive

**Direction** : (Q. No. **69**) : Choose the most suitable option that describes the meaning of the following idiom :

**69.** To hit below the belt :

(A) To punish

(B) To tie with a belt

(C) To hit with a belt

(D) To attack unfairly

**70.** Point out the figure of speech in the following sentence :

'Here's the smell of the blood still,

all the perfumes of Arabia will

not sweeten this little hand'.

(A) Metaphor (B) Hyperbole

(C) Oxymoron (D) Personification

**Direction** : (Q. No. **71** to **75**) : Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

There is a general consensus that 'International Understanding' need to be taught as a separate subject at the school stage as that would add to the curricular load which is already too heavy. Instead it should be woven into the curriculum and the numerous opportunities that present themselves while teaching normal school subjects may be intelligently and imaginatively used by the teacher to promote International Understanding. The school subjects which can be most profitably used for this purpose are History, Geography, Civics, Economics, Sociology, Political Science, Social Sciences, Languages as well as Physical and Life Sciences. However, at the higher education level, international education can be prescribed as a separate subject of study. In fact, the present situation in India broadly conforms to this consensus so far as the school stage is concerned. At the under-graduate and the post-graduate levels, courses of study in subjects like History, Geography, Economics, Political Science, International Relations, International Law and International Organisation have been prescribed by most of the Universities and these contain content which has a direct or indirect bearing on promoting UNESCO ideals.

**71.** How can International Understanding be taught at the school level ?

(A) Through various subjects like History, Civics, Geography, etc.

(B) By giving numerous opportunities to the students

(C) By combining the subject content with the curriculum

(D) All of these

**72.** Which phrase from the passage means "combined with the curriculum" ?

(A) Intelligently and imaginatively used in the curriculum

(B) Can be prescribed in the curriculum

(C) Woven into the curriculum

(D) None of these

**73.** What are the two stages where "International Understanding" should be taught as a separate subject ?

(A) Primary and Secondary stage

(B) Under-graduate and Post-graduate stage

(C) Secondary and Under-graduate stage

(D) Post-graduate and Doctoral stage

**74.** Which word from the passage means 'agree with' ?

(A) bearing (B) conforms

(C) consensus (D) ideal

**75.** Which of the following statements, based on the passage, is ***not*** true ?

(A) International understanding should be woven into the school curriculum.

(B) Curricular load is quite heavy.

(C) At the higher education level, international education should not be a separate subject of study.

(D) Some courses of study in Humanities contain content that promotes UNESCO ideals.

**Direction :** (Q. No. **76**) : Identify the segment in the given sentence which contains a grammatical error. If there is no mistake, the answer is 'No error' :

**76.** No sooner the advertisement appeared / (A) in the newspaper / than there was a (B) rush on the booking window. / (C) No error (D)

**Direction :** (Q. No. **77**) : Complete the following sentence by selecting the appropriate modal :

**77.** ............. you like to have tea or coffee ?

(A) Could

(B) Would

(C) Can

(D) Will

**78.** Identify the correct Passive Voice of the sentence :

Obey me.

(A) I should be obeyed.

(B) Let I be obeyed.

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

**79.** Instead of asking questions and getting answers from her learners, a teacher gives some short texts and asks her learners to frame questions. Her primary objective is to :

(A) take their help during examinations

(B) make the learners realize the difficulties faced by teacher in preparing question papers

(C) enhance the learners' analytical and critical thinking

(D) train the learners as good question paper setters

**Direction** : (Q. No. **80**) : Select the correct alternative which can be substituted for the given sentence :

**80.** A person who thinks only about himself and not about others' needs.

(A) Egocentric

(B) Egomaniacal

(C) Egoistic

(D) Egotistic

**81.** Under constructivist approach to language learning, learners are encouraged to :

(A) discover the rules of grammar from examples

(B) avoid errors completely

(C) practice language drills mechanically

(D) learn the grammar rules by rote

**Direction** : (Q. No. **82**) : Fill in the blank with suitable determiner :

**82.** Thankfully, I have got ............ friends with whom I can spend my weekend.

(A) a few

(B) few

(C) little

(D) a little

**83.** Scanning and skimming are strategies for :

(A) speaking

(B) thinking

(C) reading

(D) writing

**84.** A common developmental reading disorder is :

(A) impairment

(B) dyslexia

(C) aphasia

(D) autism

**85.** Choose the noun form of 'select' :

(A) Selective

(B) Selecting

(C) Selection

(D) Selected

**Direction** : (Q. No. **86** to **90**) : Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

An old shepherd was playing on a flute on the marshlands outside Rome. He played so sweetly that a lovely fairy came and listened to him. "Will you marry me, and play to me in my castle ?" she said. "Yes, yes, lovely lady !" said the shepherd. The fairy put a ring on his finger. At once he became a handsome young man dressed in princely robes. "But I must go to Rome and bid farewell to my friends", he said.

The fairy gave him a golden coach with twelve white horses. As he rode in State to Rome, he met the young Queen of Italy, who invited him to her palace. The shepherd saw that he had won the Queen's heart. He resolved to marry her and become the King of Italy and let the fairy go. So, when he and the Queen were alone together, he knelt down and took her hand saying : "Marry me, dearest and I will help you to govern Italy." But as soon as he spoke, he turned into an old man and rugged shepherd.

"What is this horrible beggar doing here ?" cried the Queen. "Whip him out of the palace."

**86.** The fairy wanted to marry the shepherd, because :

(A) he was very handsome

(B) he had saved her life

(C) he could play sweetly on his flute and she loved it

(D) the shepherd loved her

**87.** When the fairy put a ring on his finger, the shepherd :

(A) disappeared

(B) changed into a handsome youth

(C) married her

(D) turned into a statue

**88.** Find out the word from the passage which means 'dreadful' :

(A) whip

(B) handsome

(C) horrible

(D) beggar

**89.** When the shepherd reached Rome, he :

(A) planned to marry the Queen of Italy

(B) met his friends there

(C) sought his parents' permission to marry the fairy

(D) met the King of Italy

**90.** The Queen ordered the shepherd to be whipped out of the palace, because he :

(A) refused to marry her

(B) he turned old and ugly

(C) tried to steal her jewels

(D) revealed his plan to marry the fairy

# भाषा द्वितीय - संस्कृत

61. परोक्ष क्रियार्थे लकारः भवति –
(A) लट् लकारः (B) लुट् लकारः
(C) लिट् लकारः (D) लिङ् लकारः

62. पाणिनि व्याकरणस्य प्रसिद्ध वार्तिककार रूपेण प्रसिद्धः अस्ति –
(A) पतञ्जलिः (B) शाकटायनः
(C) कात्यायनः (D) गालवः

63. शिखरिणी वृत्ते प्रत्येक चरणे कति वर्णाः भवन्ति ?
(A) 14
(B) 15
(C) 16
(D) 17

64. 'प्लुतप्रगृह्या अचिनित्यम्' सूत्रमस्ति –
(A) पररूपविधायकम्
(B) प्रगृह्य संज्ञा विधायकम्
(C) प्रकृतिभावविधायकम्
(D) प्लुत विधायकम्

65. आवृत्तिविधिः उपयोगी अस्ति –
(A) शुद्धोच्चारणस्य कृते
(B) काव्यशिक्षणाय
(C) गद्यशिक्षणाय
(D) व्याकरणाय

66. 'ए' वर्णस्य उच्चारणस्थानमस्ति –
(A) कण्ठः (B) ओष्ठम्
(C) कण्ठतालुश्च (D) कण्ठोष्ठम्

67. ध्वनिपरीक्षणं भवति –
(A) लिखित परीक्षायाम्
(B) मौखिक परीक्षायाम्
(C) वस्तुनिष्ठ परीक्षायाम्
(D) प्रत्यभिज्ञा प्रश्नेषु

68. द्रुतपाठस्य प्रमुखम् उद्देश्यं भवति –
(A) गहन अध्ययनम्
(B) विस्तृत अध्ययनम्
(C) विषय गाम्भीर्यम्
(D) सूक्ष्म अध्ययनम्

69. ऋलृ वर्णयोः संज्ञा भवति –
(A) असवर्ण संज्ञा (B) सवर्ण संज्ञा
(C) संयोग संज्ञा (D) पद संज्ञा

70. इदम् (पुंलिङ्ग) पदस्य प्रथमा विभक्ति बहुवचने रूपम् अस्ति –
(A) इमाः (B) इमानि
(C) इमे (D) इमौ

71. संस्कृत सम्भाषण शिविराः विशेषरूपेण उपयोगिनः भवन्ति –
(A) व्याकरणशिक्षणाय
(B) गायनक्षमतावर्धनाय
(C) भाषायां दक्षतावर्धनाय
(D) लेखनकलावर्धनाय

72. अक्षर समाम्नाय कथ्यन्ते –
(A) स्वर वर्णाः (B) हल् वर्णाः
(C) स्पर्श वर्णाः (D) माहेश्वर सूत्राणि

73. 'कठ' कस्य वेदस्य एका शाखा अस्ति ?
(A) कृष्ण यजुर्वेदस्य
(B) शुक्ल यजुर्वेदस्य
(C) ऋग्वेदस्य
(D) सामवेदस्य

74. संस्कृतभाषायां कः कारकरूपेण न स्वीक्रियते ?
(A) सम्प्रदान (B) अपादान
(C) सम्बन्ध (D) अधिकरण

*निर्देश* :– अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां (प्रश्न संख्या 75 - 78) समुचितानि उत्तराणि चिनुत –

सुब्बण्णस्य संगीते यः सहजाभिलाषः आसीत्, स एकदा राजभवने संवृत्तया संगत्या पुनरधिकं दृढ़ीबभूव। एकस्मिन् दिने पुत्रेण साकं पुराणिकशास्त्री राजभवनमेत्य तत्रान्तः पुरस्त्री जनसमक्षे पुराणप्रवचनमारभमाण आदौ स्वपुत्रेण शुक्लाम्बरधरमित्यादिश्लोकं गापयामास। तच्छ्रुत्वा तत्रत्याः सर्वे पर्यनन्दन्। अथो किञ्चित्कालानन्तरं तत्र समागतो राजा समुपविश्य पुराणमाकर्णयति स्म।

पितुः पार्श्वे उपविष्टः सुब्बण्णः पुराणप्रवचनं कुतूहलेन शृण्वन्नेव मध्ये महाराजमभिमुखं सविस्मयं पश्यति स्म। महाराजस्य सुन्दरं मुखं, मुखे बृहत्तिलकालङ्कारः, तत्रापि विशालस्य गण्डस्थलस्य शोभावहं श्मश्रुकूर्चम् इत्यादि सर्वमपि तस्य विस्मयकारणमासीत्। राजापि तं बालकं द्वित्रिवारमभिवीक्ष्य चतुरोऽयं बाल इत्यमन्यत।

75. सुब्बण्णस्य सहजाभिलाषः कस्मिन् विषये आसीत् ?
(A) पुराणप्रवचने (B) संगीतशास्त्रे
(C) श्लोकपाठे (D) नृत्यशास्त्रे

76. पुराणिकशास्त्री केषां समक्षे पुराणप्रवचनम् आरभत् ?
(A) सुब्बण्णस्य समक्षे
(B) बालकानाम् समक्षे
(C) अन्तःपुरस्त्रीजन समक्षे
(D) राज्ञः समक्षे

77. सुब्बण्णस्य संगीताभिलाषा कथं दृढ़ीबभूव ?
(A) राजभवने
(B) संवृत्तया संगत्या
(C) पुराणमाकर्ण्य
(D) श्लोकंगापयित्वा

78. कः महाराजमभिमुखं सविस्मयं पश्यति स्म ?
(A) सुब्बण्णस्य पिता
(B) पुराणिकशास्त्री
(C) स्त्रीजनः
(D) सुब्बण्णः

79. प्रत्यभिज्ञा प्रश्नेषु –
(A) सत्यासत्यलेखनाय निर्देशनं भवति
(B) बहुविकल्पाः भवन्ति
(C) विश्लेषणं भवति
(D) कोऽपि न

80. आगमन विधि विषये सत्यं नास्ति –
(A) व्याकरणशिक्षणस्य विधिः अस्ति।
(B) मनोवैज्ञानिक विधिः अस्ति।
(C) उदाहरणानुरूपं सिद्धान्तस्य प्रतिपादनं भवति।
(D) सामान्यतः विशिष्टं प्रति गच्छति।

*निर्देश :*– अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां (प्रश्न संख्या **81 - 84**) समुचितानि उत्तराणि चिनुत –

एकदा तु प्रत्यूषसि सहसैव तस्मिन् वने मृगयाकोलाहल ध्वनिरुदचरत्। आकर्ण्य च तमहमुपजातवेपथुरर्भकतया भयविह्वलः पितुः पक्षपुटान्तरमविशम्। अचिराच्च प्रशान्ते तस्मिन् क्षोभितकानने मृगयाकलकले पितुरुत्सङ्गादीषदिव निष्क्रम्य कोटरस्थ एव शिरोधरां प्रसार्य किमिदमिति दिदृक्षुरभिमुखमापतच्छबरसैन्यमद्राक्षम्। मध्ये च तस्य प्रथमे वयसि वर्तमानं शबरसेनापतिमपश्यम्।

आसीच्च मे मनसि – अहो मोहप्रायमेतेषां जीवितम्। आहारो मधुमांसादिः, श्रमो मृगया, शास्त्रं शिवारुतं, प्रज्ञा शकुनिज्ञानम्। यस्मिन्नेव कानने निवसन्ति तदेवोत्खातमूलमशेषतः कुर्वन्ति इति चिन्तयत्येव मयि शबरसेनापतिः स आगत्य तस्यैव तरोरधश्छायायां परिजनोपनीतपल्लवासने समुपाविशत्। आपीतसलिलो भुक्तमृणालिकश्चोत्थायापगत श्रमः सकलेन सैन्येन सहाभिमतं दिशमयासीत्।

**81.** कस्मिन् समये मृगयाकोलाहलध्वनिरुदचरत् ?

(A) प्रभातकाले (B) सायंकाले
(C) रात्रिकाले (D) मध्याह्न समये

**82.** कः अभिमतं दिशम् अयासीत् ?

(A) शबरसेना (B) शुकशावकः
(C) शबरसेनापतिः (D) राजा

**83.** प्रशान्ते तस्मिन् क्षोभितेकानने अहं किम् अद्राक्षम् ?

(A) शबरसैन्यम् (B) शबरसेनापतिम्
(C) मृगयाकलकलम् (D) शुकशावकम्

**84.** शिवारुतम् पदे शिवापदस्य अर्थः अस्ति –

(A) उलूकः (B) गर्दभी
(C) शृगाली (D) लोमशा

**85.** अभिज्ञानशाकुन्तले मङ्गलाचरणश्लोके कस्य देवस्य स्तुतिः ?

(A) भगवतः शिवस्य
(B) भगवतः विष्णोः
(C) देवी सरस्वत्याः
(D) देवी दुर्गायाः

**86.** बृहत्त्रयी काव्यग्रन्थेषु गणना न भवति –

(A) रघुवंशमहाकाव्यस्य
(B) किरातार्जुनीयस्य
(C) शिशुपालवधस्य
(D) नैषधीयचरितस्य

**87.** 'हरिश्चन्द्रः' उदाहरणम् अस्ति –

(A) श्चुत्व सन्धेः (B) ष्टुत्व सन्धेः
(C) पूर्वरूप सन्धेः (D) पररूप सन्धेः

**88.** शुद्ध वाक्यमस्ति –

(A) नगरस्य परितः वृक्षाः सन्ति।
(B) नगरं परितः वृक्षाः सन्ति।
(C) नगरं परितः वृक्षाणि सन्ति।
(D) नगरात् परितः वृक्षाः सन्ति।

**89.** कौत्स ऋषेः गुरुः आसीत् –

(A) वररुचिः (B) अयोदधौम्यः
(C) उपमन्यु (D) वरतन्तुः

**90.** 'वयं रामायणकथां शृणुमः' अस्य कर्मवाच्ये रूपं भविष्यति –

(A) मया रामायणकथा श्रूयते।
(B) अस्माभिः रामायणकथा श्रूयते।
(C) अस्माभिः रामायणकथा श्रूयन्ते।
(D) मया रामायणकथां श्रूयते।

## भाषा द्वितीय - उर्दू

61. مسدس وہ نظم ہے جس کے ہر بند میں -------

(A) چھ (6) مصرعے ہوں

(B) سات (7) مصرعے ہوں

(C) آٹھ (8) مصرعے ہوں

(D) ان میں سے کوئی نہیں

62. خاقانی ہند کا خطاب کس شاعر کو ملا ؟

(A) سودا

(B) میر

(C) غالب

(D) ذوق

63. پریم چند کا کون سا افسانوی مجموعہ ضبط کرلیا گیا ؟

(A) واردات

(B) سوزِ وطن

(C) آخری تحفہ

(D) پریم پچیسی

64. امراؤ جان ادا ناول میں کس علاقہ کی نشاندہی ملتی ہے ؟

(A) مدراس

(B) دکن

(C) دہلی

(D) لکھنؤ

65. اردو کس لسانی خاندان سے تعلق رکھتی ہے ؟

(A) ہند آریائی

(B) دراوڑی

(C) آسٹرکی

(D) سامی

66. پیاسی جو تھی سپاہ خدا تین رات کی

ساحل سے سر پٹکتی تھیں موجیں فرات کی

اس شعر میں کون سی صنعت ہے ؟

(A) استعارہ

(B) حسن تعلیل

(C) لف ونشر مرتب

(D) لف ونشر غیر مرتب

